श्री राम जन्म कथा

STORY OF BIRTH OF LORD RAM

गोस्वामी तुलसी दास कृत श्री राम चरित मानस पर आधारित

Based on Shri Ram Charit Manas by Goswami Tulasi Das

संकलन: डॉ यतेंद्र शर्मा

Compilation: Dr Yatendra Sharma

श्री राम कथा संस्थान पर्थ

श्री राम कथा संस्थान पर्थ उद्देश्य

- श्री राम कथा संस्थान भगवान् स्वामी श्री रामानंद जी महाराज (१४वीं शताब्दी) की शिक्षाओं पर आधारित एक सनातन वैष्णव धार्मिक संस्था है।
- श्री संस्थान का सिद्धांत धर्म, जाति, लिंग एवं नैतिक पृष्ठभूमि के आधार पर भेदभाव रहित है। 'हरि को भजे सो हरि को होई' संस्थान का मूल मन्त्र है।
- श्री संस्थान का मानना है कि शुद्ध हृदय एवं निःस्वार्थ भाव भक्ति ईश्वर को अति प्रिय है। सभी प्रभु-भक्त एक दूसरे के भाई बहन हैं।
- ब्रह्म मनोभाव: भगवान् श्री राम, माता सीता एवं उनके विविध अवतार ही सर्वोच्च ब्रह्म हैं। वह सर्व-व्याप्त एवं विश्व के सरंक्षक हैं।
- आत्मा मनोभाव: आत्मा का अस्तित्व सर्वोच्च ब्रह्म के परमानंद पर निर्भर है। आत्मा को सर्वोच्च ब्रह्म ही निर्देशित एवं प्रबुद्ध करते हैं। श्री राम, माता सीता एवं उनके अवतार ही जीवन का अंतिम उद्देश्य मोक्ष दिलाने में समर्थ हैं।
- माया मनोभाव: माया प्रकृति के तीन गुण - सत, रज और तमस, के प्रभाव से प्राकट्य होती है। माया को सर्वोच्च ब्रह्म ही नियंत्रित करने में समर्थ हैं। सर्वोच्च ब्रह्म पर ध्यान केंद्र करने से माया का विनाश होता है, और जन्म-मृत्यु के चक्र से छुटकारा मिल मोक्ष की प्राप्ति होती है।
- श्री संस्थान इन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु निरंतर सनातन धार्मिक पत्रिकाएं, पुस्तकें, पुस्तिकाएं, काव्य ग्रन्थ आदि की रचनाएं एवं प्रकाशन करती है। साथ ही, समय समय पर श्री राम एवं अन्य धार्मिक कथाओं के संयोजन का भी प्रयास करती रहती है।

श्री राम जन्म कथा

STORY OF BIRTH OF LORD RAM

गोस्वामी तुलसी दास कृत श्री राम चरित मानस पर आधारित

Based on Shri Ram Charit Manas by Goswami Tulasi Das

संकलन

डॉ यतेंद्र शर्मा

COMPILATION

Dr. Yatendra Sharma

प्रकाशक

Publisher

श्री राम कथा संस्थान पर्थ, ऑस्ट्रेलिया, ६०२५

Shri Ram Katha Sansthan Perth, Australia, WA 6025

Website: https://shriramkatha.org

Email: srkperth@outlook.com

सौजन्य
COURTSEY

श्री ए आर कृष्णन
Shri A. R Krishnan

Perth Hindu Temple
Hindu Association of Western Australia

क्रमांक
Contents

वंदना 6
Vandana 6
श्री राम कथा महात्मय 9
Grandeur of the Story of Lord Ram 9
भगवान् राम जन्म हेतू 18
Purpose of the Birth of Lord Ram 18

वंदना
Vandana

ओं, ओं, ओं।
Om, Om, Om I

श्री गुरु वंदना Shri Guru Vandana

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः ।
गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः ॥

Gurur Brahma Gurur Vishnu Gurur Devo Maheshwaraha I
Guru Saakshaat Parambrahma Tasmai Shri Gurave Namaha I I

श्री गणेश वंदना Shri Ganesh Vandana

ओं श्री गणेशाय नमः।
ओं वक्रतुन्ड महाकाया, सूर्य कोटि समप्रभः ।
निर्विघ्नम कुरू मे देव, शुभ कार्येशू सर्वदा ।।

Om Shri Ganeshay Namah I
Om VakraTund Maha Kaaya, Surya Koti Samaprabhah |
Nirvighnam Kuru Me Deva Shubh Kaaryessu Sarvadaa ||

श्री हनुमंत वंदना Shri Hanumant Vandana

ओं श्री हनुमंतए नमः।
अतुलित बलधामम नमामि, स्वर्ण शैलाभ देहम नमामि ।
दनुज बल कृषाणुम नमामि, ग्यानिनामग्रगणयम नमामि ।।
सकल गुणनिधानं नमामि, वानराणामधीशम नमामि ।
रघुपति प्रिय भक्तम नमामि, वात जातम नमामि ।।

Om Shri Hanumantaye Namah I
Atulit Baladhaamam Namaami, Swarn Shailaabha Deham Namaami I
Danuja Bal Krshaanum Namaami, Gyaninaamagraganyam Namaami I I
Sakala Gunnidhaanam Namaami, Vaanraannmadhiisham Namaami I
Raghupati Priya Bhaktam Namaami , Vaat a Jatmajam Namaami I I

श्री राम वंदना Shri Ram Vandana

ओं श्री श्रीरामचन्द्रए नमः।
श्रीरामचन्द्र कृपालु भजमन हरणभवभयदारुणं ।
नवकञ्जलोचन कञ्जमुख करकञ्ज पदकञ्जारुणं ॥
कन्दर्प अगणित अमित छवि नवनीलनीरदसुन्दरं ।
पटपीतमानहु तडित रूचिशुचि नौमिजनकसुतावरं ॥
भजदीनबन्धु दिनेश दानवदैत्यवंशनिकन्दनं ।
रघुनन्द आनन्दकन्द कोशलचन्द्र दशरथनन्दनं ॥
शिरमुकुटकुण्डल तिलकचारू उदारुअङ्गविभूषणं ।
आजानुभुज शरचापधर सङ्ग्रामजितखरदूषणं ॥
इति वदति तुलसीदास शङ्करशेषमुनिमनरञ्जनं ।
ममहृदयकञ्जनिवासकुरु कामादिखलदलगञ्जनं ॥

Om Shri Ramchandraye Namah ।
Shriramchandra Kripalu Bhajumana, Haranabhavabhayadaarunam ।
Navakanjlochana Kanjamukh Karakan Padkanjaarunam ।।
Kandarp Aganit Amita Chavi Navneelneeradsundaram ।
Patapeetmaanahu Tarit Ruchisuchi Navmi Janaka Sutaavaram ।।
Bhajudeenabandhu Dinesh Daanavdaityavanshnikandam ।
Raghunand Aanandkand Kaushalachanda Dasharathnandanam ।।
Shirmukutakundala Tilakchaaru Udaaruangavibhushanam ।
Aajaanubhuj Sarchapadhar Sangraamjitkhardushnam ।।
Iti Vadati Tulsidaasa Shankarasheeshmunimanaranjanam ।
Mamhridayakanjanvaasakuru Kaamaadikhaladalaganjanam ।।

अथ श्री राम जन्म कथा Story of the Birth of Lord Shri Ram

कथा है ये त्याग की, निःस्वार्थ की, परमार्थ की ।
प्रभु प्रेम की, संतोष की, जीवन लक्ष्य प्राप्ति की ।
दूर करे सब व्यथा, अथ श्री राम जन्म कथा ।

सभी विपदाओं को दूर करने वाली, त्याग, निःस्वार्थ, परमार्थ, ईश्वर प्रेम, संतोष प्रदान करने वाली एवं जीवन के लक्ष्य को प्रदान करने वाली श्री राम कथा प्रारंम्भ होती है।

Kathaa Hai Ye Tyaag Ki, Nihswaarth Ki, Parmaart h Ki ।
Prabhu Prem Ki, Santosh Ki, Jeevan Lakashy Praapti Ki ।
Door Kare Sab Vyathaa, Ath Shri Ram Katha ।

We narrate the story of the birth of Lord Ram. This is the story of sacrifice, selflessness, charitable act, love of God, and getting satisfaction and objectives of the life. Reading or listening this holy story eradicates all the distresses and grievances of the life.

श्री राम कथा महात्मय
Grandeur of the Story of Lord Ram

मेरी (संकलन कर्ता की) एक प्रसिद्द कविता की पंक्ति है:

जीवन सम है विष अंगज, पी सम मीरा पा कृष्णज ।

'यह जीवन विष के समान है, लेकिन इसे मीरा सदृश्य पी, एवं कृष्ण (भगवान्) की प्राप्ति कर।'

संत कहते हैं, अवश्य यह विष तो अपने ही कृत्यों का परिणाम है, भुगतना ही पडेगा, पीना ही पडेगा, पर इस विष को अमृत कैसे बनाया जाय? भगवान् स्वामी रामानंद जी महाराज कहते थे कि इसमें राम जोड़ दिया जाय तो विष, विश्राम बन जाय - अर्थ शांति। भगवान् श्री राम की पवित्र कथा ही विश्राम (शांति) का साधन है।

गोस्वामी तुलसी दास जी भी यही कहते हैं।

बुध बिश्राम सकल जन रंजनि, रामकथा कलि कलुष बिभंजनि ।
रामकथा कलि पंनग भरनी, पुनि बिबेक पावक कहुँ अरनी ।।
रामकथा कलि कामद गाई, सुजन सजीवनि मूरि सुहाई ।
सोइ बसुधातल सुधा तरंगिनि, भय भंजनि भ्रम भेक भुअंगिनि ।।

रामकथा पंडितों को विश्राम देने वाली, सब मनुष्यों को प्रसन्न करने वाली और कलियुग के पापों का नाश करने वाली है। रामकथा कलियुगरूपी साँप के लिए मोरनी है और विवेकरूपी अग्नि के प्रकट करने के लिए अरणि (मंथन की जाने वाली लकड़ी) है। रामकथा कलियुग में सब मनोरथों को पूर्ण करने वाली कामधेनु गौ है और सज्जनों के लिए सुंदर संजीवनी जड़ी है। पृथ्वी पर यही अमृत की नदी

है, जन्म-मरण रूपी भय का नाश करने वाली और भ्रम रूपी मेंढकों को खाने के लिए सर्पिणी है।

One of the verses of my (compiler) famous poetry is:

'The Life is Like a Poison, O My Son I
Drink It Like Meera and Attain Salvation I I

The saints say that this poison (Vish) in the life is due to our past deeds. We have no choice than to accept it and drink it. But how can we turn this poison into nectar? Bhagwan Swami Shri Ramanand Ji Maharaj used to say, add Ram to the Vish, so it becomes Vishram (Vish + Ram = Vishram), means 'Peace'. Narrating, reading and listening holy stories of Lord Ram is the means to attain Vishram (Peace).

Goswami Tulasi Das Ji also repeated the same words in Shri Ram Charit Manas.

Budha Bishraam Sakal Ja n Ranjani |
Ramkatha Kali Kalush Bibhanjani ||
Ram Katha Kali Panang Bharani |
Puni Bibek Pawak Pahun Arni ||
Ram Katha Kali Kaamad Gaiyee |
Sujan Sajeevani Muru Suhaayee ||
Soi Basudhaatal Sudha Tarangini |
Bhay Bhanjan Bhram Bhek Bhuangini ||

The story of Lord Rama is a solace to the learned and a source of delight to all men and wipes out the impurities of the kali age. This story is like a peacock to the snakes (poisons of this Kali Yug) and like a match stick to reveal the fire of conscience. This story will fulfil all the desires like

Kamndhenu (Desire fulfilling Mother Cow) cow. This is like a Sanjeevani Booti (the medicine which cured Shri Lakshman Ji) to all good gentlemen. This is the river of nectar on earth who destroys the fear of life and death. This holy story will take away all your sins in a similar way as a snake annihilates frogs.

लोग मुझ से (संकलन कर्ता से) अक्सर यह प्रश्न पूछते हैं। हम तो प्रतिदिन श्री राम का नाम किसी न किसी प्रकार लेते ही हैं, फिर भी हमें शांति क्यों नहीं मिलती? श्रुति ने इस का सरल उत्तर दिया है जिसे गोस्वामी तुलसी दास जी ने दोहराया है।

श्री राम कथा के कथन और श्रवण का शुभ फल किसे मिलता है, इस बारे में गोस्वामी जी कहते हैं जिन के हृदय में अपने माता, पिता एवं समस्त आयु एवं ज्ञान में बड़े नर नारीओं का सम्मान हो, वही राम कथा कथन और श्रवण के शुभ फल का उत्तराधिकारी है। बिना उनके आशीर्वाद के स्वप्न में भी राम प्राप्ति नहीं हो सकती, और बिना राम की प्राप्ति के यह विष, विश्राम नहीं बन सकता। स्वयं भगवान ने इसको चरित्र में ढाल के दिखाया है।

Of course, there is a pre-requisite to get the highest reward on chanting the name of the Lord and reading and listening Shri Ram Katha according to Shruti. The persons who have high regard to their parents and elders, get the reward of chanting the name of Lord Ram, and reading and listening Shri Ram Katha. One cannot attain peace and Godhead unless blessed by them. Lord Ram has demonstrated this in his life.

स्मरण कीजिए बालकांड। भगवान श्री राम अयोध्या के राजकुमार हैं। महामंत्री सुमंत जी उन्हें महाराज दशरथ का संदेश लेकर उनके महल में पहुँचते हैं। श्री सुमंत जी को देख भगवान उनके चरणों में नतमष्तक हो प्रणाम करते हैं। श्री सुमंत जी के नेत्रों में जल भर आता है। हे प्रिय राजकुमार, मैं तो आपका एक छोटा सा सेवक हूँ। एक सेवक के चरण स्पर्श करना एक राज कुमार के लिए अकल्पनीय है। भगवान तब प्रत्युत्तर देते हैं, 'काका (भगवान श्री राम सुमंत जी

को काका कहकर संबोधित करते थे), अगर आप के स्थान पर सम्राट दशरथ आए होते तो क्या मैं उनके चरण स्पर्श नहीं करता।

"वह तो आपके पिता हें, राजकुमार। उनके चरण स्पर्श करना तो आप का धर्म है" सुमंत जी बोले।

राजकुमार श्री राम फिर कहते हैं, "आप भी तो पित्र समान हें काका।"

सुमंत जी उनको हृदय से लगा लेते हें। इस सम्मान का परिणाम - एक राजकुमार राम, भगवान पुरुषोत्तम राम बन हम सब के पूज्यनीय हुए।

Let me take you to the Baal Kaand. Ram was the prince of Ayodhya. Chief Minister of his father king Dasharath Shri Sumant Ji visited his palace with a message from the king Dasharath. As soon as prince Ram saw Shri Sumant Ji coming to His room, He immediately got up from his seat, and welcomed Shri Sumant Ji by touching his feet. Tears started flowing from the eyes of Shri Sumant Ji. Shri Sumant Ji said, 'O prince, I am a small servant of your father king Dasharath and the kingdom of Ayodhya. Touching the feet of a servant does not seem magnifically to a prince.

Lord Ram replied, 'Kaakaa (uncle), (Lord Ram used to address Shri Sumant Ji as Kaakaa), if Chakravartee Maharaj king Dashrath Ji would have come to Me, would have I not touched his feet?

"He is your father, prince. Sure, it is your dharma (duty) to respect him and touch his feet." Said Shri Sumant Ji.

Lord Ram replied, "You are too like my father, Kaakaa".

Shri Sumant Ji immediately hugged Lord Ram and blessed Him with millions of blessings. The result of this blessing, prince Ram is honoured

even today as Lord (Bhagwan) Purushottam Shri Ram, and worshipped by the Universe.

अब दूसरी ओर एक और उदाहरण देखिए। मैं आपको सुंदरकांड में ले चलता हूँ। हनुमान जी को नागपाश में बाँधकर मेघनाथ रावण की सभा में ले आता है। सभी राक्षस हनुमान जी को प्राण दंड देने की रावण को सलाह देते हैं। यहाँ रावण के नाना मालयवंत जी इसके विरुद्ध सलाह देते हैं। वह कहते हैं कि दूत को मारना अनुचित है। रावण क्रोध मैं अपने ब्रद्ध नाना का अपमान करता है, उनका उपहास करता है। अपमानित हो मालयवंत जी सभा छोड़ अपने घर को प्रस्थान कर जाते हें। परिणाम - सोने की लंका का दहन और अंततः रावण के कुल का नाश। यह है बुजुर्गों के अपमान और उनकी अवमानना करके का परिणाम।

Now see another example. Let me take you to the Sundar Kaand. Lord Hanuman ji was chained by Meghnath (son of Raavan) using snakes as rope. Lord Hanuman Ji had destroyed his beautiful Ashok garden, and also killed his one of the sons, Akshay Kumar. The Senators of the court of Raavan pronounced death penalty to Lord Hanuman for this act. Raavan's maternal grandfather Shri Maalyvant Ji was also present in the court. He advised Raavan that killing a messenger was against the law of Dharma. Raavan got angry on this suggestion of his own grandfather and insulted him. He asked him to leave the court. The insulted Shri Maalywant Ji then left the court on his own will, and went to his home. The result of this insult to an elder by Raavan, we all now. His beautiful city Lanka was burnt to ashes by Lord Hanuman. Eventually, his whole clan was killed other than Shri Vibhishan ji, his younger brother, who took asylum in the lotus feet of the Lord Ram. This is the result of insulting elders.

गुरु देव एक कथा सुनाया करते थे। अब यह कथा सत्य है अथवा काल्पनिक, आप इस पर मत जाईए। इसका गूढ अर्थ समझने का प्रयास कीजिए।

श्री राम जन्म कथा STORY OF BIRTH OF LORD RAM

Gurudev used to narrate an interesting story. Whether this story is true or not, I do not know. However, it gives a great message, and perhaps that was the aim of Bhagwan Gurudev ji Maharaj.

एक संभ्रांत परिवार की कन्या को एक दूसरे गाँव के एक साधारण पुरुष से प्रेम हो गया। कन्या के पिता ने बहुत समझाया कि वह विवाह ना करे, परंतु कन्या नहीं मानी। तब पिता ने एक युक्ति सोची। ठीक है, विवाह अवश्य इसी लड़के के साथ होगा, परंतु मेरी दो शर्तें हैं। एक अभी कि बरात में कोई भी वृद्ध नहीं आएगा। दूसरी शर्त, जब बारात आ जाएगी तब मैं बताऊँगा। लड़के के घर संदेशा भेज दिया गया। बड़ी चर्चा हुई। सभी वृद्धों को बहुत बुरा लगा। लेकिन क्या करते, अपने बच्चे के आगे विवश थे, मान गये। लेकिन लड़के के नाना विफर गये। मैं तो अवश्य ही जाऊँगा। मैं अपना ऐसा श्रृंगार करूँगा कि कोई मुझे पहचान ही नहीं पाएगा। श्रृंगार किया। दूल्हे के रथ के कोचवान बने। जब बारात दुल्हन के ग्राम के समीप पहुँच गयी तो रथ से उतर गए और एक पेड़ के नीचे छिप गये। सोचा, जब फेरे होंगे तब चुपके से देखूँगा। अब जब बारात दुल्हन के ग्राम पहुँच गयी तो वधु के पिता ने दूसरी शर्त रख दी। गाँव के पास एक नदी बहती थी। कहा, इस नदी के निर्मल जल को शुद्ध दुग्ध से भर दो, तभी विवाह होगा। असंभव, यही सब युवा बारातियों ने कहा। बेचारा लड़का। क्या करता? बारात वापस जाने लगी। तब नाना जो छिपे हुए थे सामने आए और पूछा क्या हुआ? यह तुम बारात बिना दुल्हन के कैसे वापस ले जा रहे हो? उन्हें शर्त बतलाई गयी। तब नाना बोले, 'बस इतनी सी बात। जाओ वधु के पिता से कह दो, हमने दुग्ध का प्रबंध कर लिया है, वह बस नदी के निर्मल जल को खाली करा दें।'

संदेश सुनते ही वधु पिता ने कहा अवश्य ही बारात में कोई वृद्ध है। यह कोई युवा सोच ही नहीं सकता। यह तो अनुभव का प्रतीक है। वधु के पिता अब क्या करते? नदी के जल को खाली कराना तो संभव नहीं। विवाह हुआ। नाना जी प्रगट हुए। वधु के पिता ने उनसे क्षमा माँगी।

देखा आपने वृद्ध की सलाह का प्रमाण। अपने वृद्धों का सम्मान करें और सफलता आपके चरण चूमेगी।

A young lady from an elite family fell in love with a young ordinary man of another village. The father of the girl was against this marriage for the reasons best known to him. He tried to tell his daughter all cons of this matrimony, but girl would not listen. Then, the father thought of a strategy. He agreed to the marriage of his daughter with this young ordinary man of other village on two conditions. The first condition was that the marriage party would not be consisting of any elderly person. Only the young friends of the groom would be allowed. The second condition would be told by him only when the marriage party would arrive at the home town of the girl. This message was conveyed to the groom, who gladly accepted. Though groom accepted this condition, but the elders of his family were not happy on this condition which deprived them from participating in the marriage ceremony of their beloved child. However, looking at the sensitivity of the occasion, and seeing the love of their child to this girl, they agreed. But the maternal grandfather of the groom (Nana Ji) did not agree, and said that he would participate in marriage ceremony any way. Realising the situation, however, he agreed not to go openly but to go disguised as a coachman of a bullock-cart. When the marriage party arrived near the village of the girl, he dropped himself from the bullock cart and hid under a tree. He thought that he would observe marriage ceremony in the dark of the night silently and bless the couple quietly. The father of the bride was informed that the marriage party had arrived only with the youngsters. Father was happy, and then he declared his second condition. There was a river flowing near the village. He said that the river should be filled with fresh milk by the groom if he wants to marry his daughter. Impossible, how can a river be filled with fresh milk? The groom and his friends thought a lot, but found no way to carry out this task. They were very disappointed and had no choice now than to forget marrying this young lady and take back marriage party to their village. Grandfather saw the glooming faces of these youngsters, and asked the reason. The grandson then told all the story. 'O such a small matter and you idiots cannot resolve? Never mind, go and tell the father of the bride that we

have made all the arrangements to fill the river with fresh milk. However, there is one problem. The river has to be emptied first from its pure water. So, the father of the groom should make arrangements to empty the water of the river, and then we will fill the river with fresh milk,' said grandfather.

The message was immediately conveyed to the father of the bride. "Oh, sure there is an elderly man in the marriage party. These youngsters cannot have such a brain,' thought the father of the bride. He asked his spies to go and found out the truth. They could not find anyone because grandfather of the groom was present in the marriage party disguised as a coachman. The father of the bride had no choice now. He had no means to make the river empty of its pure water. The marriage was celebrated joyfully. After 'seven circumambulations' were completed, the grandfather appeared and blessed the couple. The father of the bride apologised to the grandfather of the groom, and with great respect offered his obeisance to him.

The moral of the story is that, if we respect our elders, success will touch our feet.

बुज़ुर्गों का आशीर्वाद मिल जाय, श्री राम कथा श्रवण हो जाए और राम कथा के द्वारा भगवान श्री राम को समर्पित हो जाएँ, तो फिर विष विश्राम बन ही जाएगा। और एक बार भगवान को समर्पित हो गये तो फिर अपनी ज़िम्मेदारी समाप्त। इस जीवन की नैया भगवान ही चलाएँ। जब भगवान हृदय में धारण हो जाते हैं तो संत पुरुष कहते हें कि इस दुनिया में रहते हुए हम कर्म अवश्य करते हें परंतु वह केवल अपनी ज़िम्मेदारीयों को निभाने के लिए। भगवान कृष्ण की श्रीमद्भागवद गीता में कही बात पूर्ण रूप से लागू होती है।

If we could get blessings from our elders and get the opportunity to read or listen Shri Ram Katha, thus devoting our life to the lotus feet of the Lord, then Vish (Poison) will become Vishram (Peace). Once the life is dedicated to the Lord, all responsibilities and duties end, and the persons

attain peace. The Lord then dwells in our heart. Though we live in this world, but carry out activities to fulfil our responsibilities only. We do not expect any materialistic result of our deeds. Lord Krishna has said in Shrimad Bhagwad Gita:

कर्मण्येवाधिकारस्त मा फलेषु कदाचन ।
मा कर्मफलहेतुर्भुर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि ॥

कर्तव्य कर्म करनेमें ही तेरा अधिकार है, फलोंमें कभी नहीं। अतः तू कर्म फल का हेतु भी मत बन और तेरी अकर्मण्यता में भी आसक्ति न हो।

Karmanye Vadhikarast Ma Phaleshou Kadachana I
Ma Karmaphalaheturbhurma Tey Sangostvaakarmani I I

Thy right is to work only, but never with its fruits; let not the fruits of action be thy motive, nor let thy attachment be to inaction.

भगवान् राम जन्म हेतू
Purpose of the Birth of Lord Ram

हम भगवान् श्री राम के जन्म के कारणों का विवेचन करेंगे।

भगवान् विष्णु के अवतार धारण करने का कारण कुछ और नहीं, परन्तु अपने भक्तों के विकारों को दूर करना, उनमें भक्ति का संचार करना, उनके कष्टों को निवारण करना, एवं उनके भगवद्प्रेम से मिलन की अभिलाषा को पूर्ण करना है।

We will discuss the purpose of the birth of Lord Ram.

The purpose of the incarnation of Lord Vishnu on this earth is only for eradicating the sins of His devotees, removing their troubles and develop their devotion. The Lord fulfils the desires of His devotees to attain salvation by taking incarnation in human form on this earth.

गोस्वामी जी कहते हैं कि भगवान् के जन्म के कारण केवल और केवल अपने भक्तों को सांसारिक कष्टों एवं आध्यात्मिकता में बाधा से मुक्ति कराना ही है। अब ये सांसारिक कष्ट अथवा आध्यात्मिक बाधाएं उत्पन्न क्यों होती हैं? मद, काम, क्रोध, और लोभ के कारण। जब भी भगवद-भक्तों में मद, काम, क्रोध और लोभ की भावना उत्पन्न हो जाती है तो भगवान् उसके हरण के लिए नर रूप धारण कर अपने भक्तों को इस से मुक्ति दिलाते हैं। इस के अतिरिक्त भगवद-प्रेम भी भगवान् के अवतार का कारण बनाता है। जब भी भगवद-भक्तों में भगवद-प्रेम इस पराकाष्ठा पर पहुँच जाता है कि वह उन्हें प्रत्यक्ष देखना चाहते हैं तो भगवान् इस धरती पर अवतार धारण करते हैं।

Goswami Tulasi Das Ji says that the very reason of the Lord to incarnate on the earth is to provide eternal happiness to His devotees by removing all the obstacles, whether materialistic or spiritual. Why these materialistic and spiritual hinderances are developed and responsible to take away

happiness? Goswami Ji says that when the four disorders (Vikaar), the arrogance, the desire of sensual pleasures, the wrath and the greed, are developed in the personality of a person, he/ she is led towards unhappiness. The Lord incarnates to guide to relinquish these four disorders from His devotees and give them salvation. Also, when the love and devotion of a devotee to the Lord reaches the climax and he desires to see (Darshan) the Lord physically, the Lord incarnates in human form to fulfil the desire of His devotees.

जब जब पृथ्वी पर धर्म का नाश होने लगता है, अधर्मी बढ़ जाते हैं और वह हर प्रकार से संतों को सताते हैं, तो उनका निर्वाण करने के लिए भी भगवान् इस पृथ्वी पर जन्म लेते हैं।

जब जब होई,धरम कै हानि । बाढ़हि असुर ,अधम अभिमानी ।।
करहि अनीति,जाई नहीँ बरनी । सिदही विप्र, धेनु सुर धरनी ।।
तब तब प्रभु धरि,विविध शरीरा । हरहों कृपा निधि,सज्जन पीरा ।।

जब जब धर्म का ह्रास होता है और नीच अभिमानी राक्षस बढ़ जाते हैं, और वे ऐसा अन्याय करते हैं कि जिसका वर्णन नहीँ हो सकता, तथा ब्राह्मण, गौ, देवता और पृथ्वी कष्ट पाते हैं, तब तब कृपा निधान प्रभु, भाँति भाँति के (दिव्य)शरीर धारण कर सज्जनों की पीड़ा हरते हैं।

ऐसा ही भगवान् श्री कृष्ण ने श्रीमद्भागवद्गीता में भी कहा है ।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत ।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥
परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम् ।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे ॥

हे भारत, जब जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब तब मैं अपने रूप को रचता हूँ (अर्थात साकार रूप से लोगों के सम्मुख प्रकट होता हूँ)। साधु

पुरुषों का उद्धार करने के लिए, पाप कर्म करने वालों का विनाश करने के लिए और धर्म की अच्छी तरह से स्थापना करने के लिए मैं युग युग में प्रकट हुआ करता हूँ।

Whenever there is decline of the religion, and irreligious people give troubles to the honest, religious and saintly people, the Lord incarnates on the earth in human form to eradicate them and give peace to His devotees. Goswami Tulasi Das Ji said,

Jab jab hoy dharam ki hani l Badhen asur adham abhimani l l
Tab tab prabhu dhar vividh sarira l Haray kripanidhi sajjan pira l l

Similarly, Lord Shri Krishna had said in Shrimadbhagwad Gita.

Yada yada hi dharmasy glanirbhavati bharat l
Abhyutthanamadharmasy tadatmanan srijamyahamh l l
Paritranaya sadhunam vinashaya cha dushkritam l
Dharma sansthapanarthaya sambhavami yuge yuge l l

O descendant of Bharata, whenever and wherever, there is a decline in religious practice and a predominant rise of irreligion takes place, at that time, I continue to descend Myself in every age for the upliftment of the good and virtuous, for the destruction of evil, and for the re-establishment of the natural law.

उपर्युक्त संकल्पों की रक्षा हेतु प्रभु इस पृथ्वी पर अनेक बार जन्म लेते हैं। उनके जन्म लेने का कोई एक ही विशेष कारण नहीं होता वरन अनेकों कारण हो सकते हैं। श्री राम चरित मानस में भगवान् श्री राम के जन्म हेतु कुछ कारणों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया है।

To fulfil the objects as narrated above, the Lord incarnates on this earth from time to time. There is not just any one special reason for the incarnation of the Lord, there may be several reasons for that. Goswami Tulasi Das Ji has described in details few of the reasons of incarnation of the Lord Ram.

गोस्वामी जी भगवद-जन्म के कारणों में सर्व प्रथम भगवद-भक्त अथवा उनके सेवकों में मद अथवा अहंकार का कारण प्रस्तुत करते हैं। जब जब भगवान् के प्रिय भक्त एवं सेवकों में मद (अहंकार) का बीजारोपण हो गया तब तब भगवान् ने इस के हरण के लिए अवतार धारण किया।

Goswami Ji said that one of the most important reasons for the Lord to incarnate on the earth is to eradicate the feelings of arrogance among his devotees. Arrogance takes the person to the lowest status and becomes the reason of his/ her downfall. Arrogance is the gateway of the hell. The Lord loves His devotees and never allows to fall in such a pit. So, he descends on earth to remove arrogance from His devotees.

भगवान् विष्णु के दो अत्यंत प्रिय भक्त और सेवक थे, जय और विजय। यह दोनों उनके सुरक्षा अधिकारी थे। एक समय इन्हें अपने पद का अभिमान हो गया। सभी को अपने आगे तुच्छ समझने लगे। प्रभु का दरबार वैसे तो सभी संतों के लिए सदैव खुला रहता था, लेकिन ये अभिमानी उसी को प्रभु से मिलने देते जो इनकी विनती करता, इनके चरणों पर पड़ता।

नहिं कोउ अस जनमा जग माहीं । प्रभुता पाइ जाहि मद नाहीं ॥

ऐसा कोई नहीं जिसे पद पाकर अभिमान न हो गया हो।

प्रभु को यह सहन नहीं था। चूँकि वह प्रभु का अत्यत सम्मान करते थे और उन्हें शिकायत का कोई अवसर नहीं देते थे, अतः प्रभु को स्वयं उन्हें दण्डित करना

असंभव हो गया था। उनके इस अभिमान का दंड देने के लिए प्रभु ने एक युक्ति सोची। उन्होंने अपनी साधना द्वारा सनक कुमारों को आमंत्रित किया।

Lord Vishnu loved His two great devotees, Jai and Vijay, who were His security chiefs. Once they became very arrogant. They considered themselves highly superior and all others trivial persons. Though Lord Vishnu was ever available for His devotees and saints, but these arrogant security chiefs will only allow those to have darshan of the Lord who will pray to them and touch their feets. Goswami Tulasi Das Ji said that:

Nahin koi as janmaa jag maanhee I
Prabhutaa paahi jaahi madi naaheen I I.

No one is born in the Universe who does not become arrogant after getting superior authority.

प्रभु का सन्देश जान ब्रह्मा जी के मानसपुत्र, सनक, सनन्दन, सनातन एवं सनतकुमार भगवान विष्णु के दर्शन हेतु बैकुण्ठधाम पहुँचे। जब वे भगवान विष्णु के साकेत धाम के द्वार पर पहुँचे तो जय और विजय नामक इन दो द्वारपालों ने उन्हें रोककर कहा कि इस समय भगवान विष्णु विश्राम कर रहे हैं, अतः वह लोग भीतर नहीं जा सकते।

On getting telepathic message from Lord Vishnu, the sons (Manas-Putra) of Lord Brahma, Sanak, Sanandan, Sanaatan and Sanat Kumar arrived in Baikunth Dhaam to see (Darshan) Him. When they arrived at the gate of the Baikunth Dham, these two chief security officers, Jay and Vijay, did not allow them to go inside and see the Lord. Jay and Vijay argued that Lord Vishnu was taking rest at that time, and no one was allowed to disturb Him. Hence, none of you might enter inside the Bikunth Dham.

यद्यपि वे चारों ऋषिगण अत्यधिक आयु के थे, किन्तु तप के प्रभाव से वे बालक दिखाई देते थे, इसी कारण जय और विजय उन्हें पहचान नहीं पाये।

Though these four Rishies were of matured age, but because of the effect of their penance, they looked like children. Jay and Vijay could not recognise and thought them as ordinary children.

सनत कुमारों ने बहुत प्रकार से जय और विजय को समझाने का प्रयास किया। यह भी बतलाया कि वह प्रभु की आज्ञा से ही उनसे मिलने आए हैं। लेकिन ये दोनों अभिमानी सुरक्षा अधिकारी, जय और विजय, तो अपनी ही हठ पर अड़े रहे।

The sons (Manas Putra) of the Lord Brahma tried all their ways in their humblest way to give an explanation to Jay and Vijay that they had come to see (darshan) the Lord on His invitation only. But the arrogant Jay and Vijay would not budge and continued their stubbornness. They did not allow these Rishies to enter into Baikunth Dham.

इतना समझाने के बाद भी जब जय और विजय ने उन्हें भगवान् विष्णु से मिलने अंदर नहीं जाने दिया तो ऋषिगणों ने क्रोधित होकर कहा, "अरे मूर्खों, हम भगवान विष्णु के भक्त हैं और भगवान विष्णु तो अपने भक्तों के लिए सदैव उपलब्ध रहते हैं। तुम दोनों अपनी कुबुद्धि के कारण हम लोगो को भगवान विष्णु के दर्शन से विमुख रखना चाहते हो। ऐसे कुबुद्धि वाले व्यक्ति विष्णुलोक में रहने के योग्य नहीं है। अतः हम तुम्हें श्राप देते हैं कि तुम दोनों का देवत्व समाप्त हो जाये और तुम दोनों भूलोक में जाकर पापमय योनियों में जन्म लेकर अपने पाप का फल भोगो।"

Though Rishies tried a lot to convince Jay and Vijay, but they would not listen. Then the Rishies lost their temper and cursed in anger, ‘O fools, both of you call yourselves as devotees of Lord Vishnu, but do not

understand that the doors of the Lord are always open to any of His devotee no matter how small or big he/ she is. You are keeping us away from seeing the Lord due to your wickedness. Such wicked people do not deserve to be inhabitants of Vishnu Dham. Hence, we curse you that your divine status be over immediately, and both of you take birth on earth as demons. Both of you then would reap the fruits of your ill-deeds there.'

द्वारपाल हरि के प्रिय दोऊ । जय और विजय जान सब कोऊ ।।
बिप्र श्राप तें दूनों भाई । तामस असुर देह तिन्ह पायी ।।

श्री हरि के जय और विजय दो प्यारे द्वारपाल हैं, जिनको सब कोई जानते हैं। उन दोनों भाईओं ने ब्राह्मण सनकादिक ऋषियों के श्राप वश तामसी शरीर पाया।

Dvārapāla hari kē priya dōū l Jaya aru bijaya jāna saba kōū ll
Bipra śrāpa tēṃ dūnau bhā l tāmasa asura dēha tinha pāī ll

Lord Vishnu has two favourite gate-keepers Jaya and Vijaya, who are known to everybody. Due to the curse of Brahmanas (Sanaka and his three brothers) both these brothers were born in the accursed species of demons.

सनकादिक ऋषियों के इस घोर श्राप को सुनकर जय और विजय भयभीत होकर उनसे क्षमा याचना करने लगे। इसी समय भगवान विष्णु भी वहाँ पर आ गये। जय और विजय भगवान विष्णु से प्रार्थना करने लगे कि वे ऋषियों से अपना श्राप वापस ले लेने का अनुरोध करें।

After hearing the terrible curse of the sons (Manas Putra) of Lord Brahma, Jay and Vijay fell at their feet and begged for their mercy. On hearing the noise, Lord Vishnu also appeared on the scene. Jay and Vijay now fell at the feet of Lord Vishnu and requested Him to please seek forgiveness of the great Rishies on their behalf so they could kindly reverse their curse.

भगवान विष्णु ने उन दोनों से कहा, "ऋषियों का श्राप कदापि व्यर्थ नहीं जा सकता। तुम दोनों को भूलोक में जाकर जन्म अवश्य लेना पड़ेगा। अपने अहंकार का फल भोग लेने के बाद तुम दोनों पुनः मेरे पास वापस आओगे। तुम दोनों के पास यहाँ वापस आने के लिए दो विकल्प है, पहला यह कि यदि तुम दोनों भूलोक में मेरे भक्त बन कर रहोगे तो सात जन्मों के बाद यहाँ वापस आओगे और दूसरा यह कि यदि भूलोक में जाकर मुझसे शत्रुता रखोगे तो तीन जन्मों के बाद तुम दोनों यहाँ वापस आओगे क्योंकि उन तीनों जन्मों में मैं ही तुम्हारा संहार करूँगा।"

Lord Vishnu then told to Jay and Vijay, 'the curse of the Great Rishies cannot be reversed. Both of you have to take birth on the earth as demons. You have to reap the fruit of your arrogance. However, after enduring the results, both of you will return to Saket Dham and get back to your present divine status. You may have one of the two choices for your return to Saket Dham. If you chose to take birth on the earth as my devotees, you have to take birth for seven lives. However, if you decide to take birth on the earth as my enemy, then you will get salvation only in three lives. So, tell me how you may like to endure the fruits of your curse?'

जय और विजय सात जन्मों तक पृथ्वीलोक में नहीं रहना चाहते थे इसलिए उन्होंने दूसरे विकल्प को मान लिया।

Jay and Vijay did not want to be away from Saket Dham for a long time. Hence, they did choose the second option, to born on earth as the enemy of the Lord Vishnu.

Lord Vishnu said, 'Tathastu (So it be). I promise both of you that in all your three lives, I will incarnate on the earth to give you salvation'.

यही जय और विजय भूलोक में सतयुग में अपने पहले जन्म में हिरण्याक्ष और हिरण्यकश्यपु, त्रेता युग में अपने दूसरे जन्म में रावण और कुम्भकर्ण तथा द्वापर में अपने तीसरे जन्म में शिशुपाल और दन्तवक्र बने।

Jay and Vijay thus had to take birth on the earth for three lives.

In their first lives, they were born as Hryanaksh and Hryanakashipu in Satyug. Hryanaksh was given salvation by the Lord Vishnu in Varaah incarnation. Hryanakashipu was given salvation by Narsinmavatar.

In their second lives, they were born as Ravan and Kumbhkaran in Treta era. Lord Vishnu incarnated in the form of Lord Ram to give salvation to both of them.

In their third lives, they were born as Shishupal and Dantvakra in Dwaapar era. Lord Vishnu in the form of Lord Krishna gave salvation to them.

हिरण्याक्ष को भगवान् ने वराह (सूअर) का शरीर धारण करके मारा। हिरण्यकश्यपु को नरसिंह रूप धारण कर वध किया और अपने भक्त प्रहलाद का सुन्दर यश फैलाया।

जय और विजय भूलोक में त्रेता युग में अपने दूसरे जन्म में रावण और कुम्भकर्ण बने और इनका वध करने के लिए भगवान् विष्णु ने नर शरीर धारण कर राम अवतार लिया।

यही जय विजय त्रेता युग में शिशुपाल एवं वक्रदन्त नाम से जन्मे जिन्हें भगवान् कृष्ण ने मुक्ति दी।

अब दूसरा उदाहरण भक्त के हृदय में काम और क्रोध जाग्रत होने पर उसके हरण हेतु अवतार का गोस्वामी जी ने प्रस्तुत किया है। सभी जानते हैं कि ब्रह्मऋषि

नारद जी भगवान् को हृदय से अत्यंत प्रिय हैं। जब उनके हृदय में काम की इक्षा उत्पन्न हुई और उसके पूर्ण न होने पर क्रोध उत्पन्न हुआ, तो उनके अपराध को स्वयं पर धारण कर भगवान् ने नररूप धारण किया।

Goswami Tulasi Das Ji gave another example of the reasons of the incarnation of Lord Ram on earth to annihilate the desire of lust and anger among His devotees. We all know that Brahmrishi Narad is very dear to Lord Vishnu. When a desire of lust developed into his heart was not fulfilled due to the intervention of Lord Vishnu, he cursed Him in anger to incarnate on earth as human being. Lord Vishnu accepted the curse of Brahmrishi and incarnated on the earth as Lord Ram.

नारद श्राप दीन्ह एक बारा । कलप एक तेहि लगि अवतारा ।।
गिरिजा चकित भईं सुनि बानी । नारद बिष्नु भगत पुनि ज्ञानी ।।
कारण कवन श्राप मुनि दीन्हा । का अपराध रमापति कीन्हा ।।
यह प्रसंग मोहि कहहु पुरारी । मुनि मन मोह आचरज भारी ।।

एक बार नारद जी ने श्राप दिया, इस कारण भगवान् को नर रूप धारण करना पड़ा। यह सुनकर माँ भवानी चकित हो गयीं और बोलीं, 'प्रभु नारद जी तो विष्णु भक्त और महा ज्ञानी हैं। मुनि ने भगवान् को श्राप किस कारण दिया? हे पुरारी, यह कथा मुझ से कहिये। मुनि नारद के मन में मोह होना बड़े आश्चर्य की बात है।'

Nārada śrāpa dīnha ēka bārā I Kalapa ēka tēhi lagi avatārā II
Girijā cakita bhaī suni bānī I Nārada biṣnubhagata puni gyāni II
Kārana kavana śrāpa muni dīnhā I Kā aparādha ramāpati kīnhā II
Yaha prasaṃga mōhi kahahu purārī I Muni man moh ācaraj bhārī II

(Mahadev said) On one occasion Brahmrishi Narad cursed the Lord. This also became a reason of His birth in one particular time. Girija was taken aback to hear these words and said, "Narad is a votary of God Vishnu and

enlightened soul too. How could the great Sage curse his own God? What offence did Lord Vishnu committed against him? Tell me the whole story, O Lord Shiv. It is very strange that the Sage should have fallen a prey to delusion."

भगवान् शिव शंकर बोले, 'देवर्षि नारद को एक बार इस बात का घमंड हो गया था कि कामदेव भी उनकी तपस्या और ब्रह्मचर्य को भंग नहीं कर सके।'

'हिमालय पर्वत में एक बड़ी पवित्र गुफा थी। उसके समीप ही सुंदर गंगाजी बहती थीं। वह परम पवित्र सुंदर आश्रम देखने पर नारद जी के मन को बहुत ही सुहावना लगा। पर्वत, नदी और वन के (सुंदर) विभागों को देखकर नादर जी का लक्ष्मीकांत भगवान के चरणों में प्रेम हो गया। भगवान का स्मरण करते ही उन (नारद मुनि) के श्राप की (जो श्राप उन्हें दक्ष प्रजापति ने दिया था और जिसके कारण वे एक स्थान पर नहीं ठहर सकते थे) गति रुक गई और मन के स्वाभाविक ही निर्मल होने से उनकी समाधि लग गई। नारद मुनि की (यह तपोमयी) स्थिति देखकर देवराज इंद्र डर गया। उसने कामदेव को बुलाकर उसका आदर सत्कार किया (और कहा कि) मेरे (हित के) लिए तुम अपने सहायकों सहित (नारद की समाधि भंग करने को) जाओ। (यह सुनकर) मीनध्वज कामदेव मन में प्रसन्न होकर चला। इन्द्र के मन में यह डर हुआ कि देवर्षि नारद मेरी पुरी (अमरावती) का राज्य चाहते हैं। जगत में जो कामी और लोभी होते हैं, वे कुटिल कौए की तरह सबसे डरते हैं, जैसे मूर्ख कुत्ता सिंह को देखकर सूखी हड्डी लेकर भागे और वह मूर्ख यह समझे कि कहीं उस हड्डी को सिंह छीन न ले, वैसे ही इन्द्र को (नारदजी मेरा राज्य छीन लेंगे, ऐसा सोचते) लाज नहीं आई। तब कामदेव उस आश्रम में गया जहां ब्रह्मऋषि नारद साधना में लीन थे। उसने अपनी माया से वहाँ वसन्त ऋतु को उत्पन्न किया। तरह-तरह के वृक्षों पर रंग-बिरंगे फूल खिल गए। उन पर कोयलें कूकने लगीं और भौंरे गुंजार करने लगे। तीन प्रकार की (शीतल, मंद और सुगंध) सुहावनी हवा चलने लगी। रम्भा आदि नवयुवती देवांगनाएँ, जो सब की सब कामकला में निपुण थीं, वह बहुत प्रकार की तानों की तरंग के साथ गाने लगीं और हाथ में गेंद लेकर नाना प्रकार के खेल खेलने लगीं। कामदेव अपने इन सहायकों को देखकर बहुत प्रसन्न हुआ और फिर उसने नाना प्रकार के मायाजाल

किए। परन्तु कामदेव की कोई भी कला मुनि पर असर न कर सकी। तब तो पापी कामदेव अपने ही (नाश के) भय से डर गया। लक्ष्मीपति भगवान जिसके बड़े रक्षक हों, भला, उसकी सीमा (मर्यादा) को कोई दबा सकता है? तब अपने सहायकों समेत कामदेव ने बहुत डरकर और अपने मन में हार मानकर बहुत ही आर्त (दीन) वचन कहते हुए मुनि के चरणों को जा पकड़ा। ब्रह्मऋषि नारद जब साधना से उठे, तब उन्होंने कामदेव को अपने चरणों में क्षमा माँगते हुए देखा। नारदजी के मन में कुछ भी क्रोध न आया। उन्होंने प्रिय वचन कहकर कामदेव का समाधान किया। तब मुनि के चरणों में सिर नवाकर और उनकी आज्ञा पाकर कामदेव अपने सहायकों सहित लौट गया।

देवराज इन्द्र की सभा में जाकर उसने मुनि की सुशीलता और अपनी करनी कही, जिसे सुनकर सबके मन में आश्चर्य हुआ और उन्होंने मुनि की बड़ाई करके श्री हरि को सिर नवाया। तब नारद जी शिव जी के पास गए। उनके मन में इस बात का अहंकार हो गया था कि उन्होंने कामदेव को जीत लिया। उन्होंने कामदेव के चरित्र शिवजी को सुनाए और महादेवजी ने उन (नारदजी) को अत्यन्त प्रिय जानकर (इस प्रकार) शिक्षा दी, 'हे मुनि, मैं तुमसे बार-बार विनती करता हूँ कि जिस तरह यह कथा तुमने मुझे सुनाई है, उस तरह श्री हरि को कभी मत सुनाना। चर्चा भी चले तब भी इसको छिपा जाना।'

यह महादेव की सलाह ब्रह्मऋषि नारद को अच्छी नहीं लगी। उन्होंने हृदय में विचार किया की यह तो मेरी बड़ी उपलब्धि है, मैं श्री हरि को क्यों न बताऊँ?

इसके बाद नारद भगवान विष्णु के पास गए और शिवजी के समझाने के बाद भी उन्होंने श्री हरि को पूरा प्रसंग सुना दिया। नारद भगवान विष्णु के सामने भी अपना घमंड प्रदर्शित कर रहे थे।

तब भगवान ने सोचा कि नारद का घमंड तोड़ना होगा। यह शुभ लक्षण नहीं है। तब श्री हरि ने अपनी माया का विस्तार किया।

श्री राम जन्म कथा STORY OF BIRTH OF LORD RAM

जब नारद कहीं जा रहे थे, तब रास्ते में उन्हें एक बहुत ही सुंदर नगर दिखाई दिया, जहां किसी राजकुमारी के स्वयंवर का आयोजन किया जा रहा था। नारद भी वहां पहुंच गए और राजकुमारी को देखते ही मोहित हो गए। यह सब भगवान श्री हरि की माया ही थी।

राजकुमारी का रूप और सौंदर्य नारद के तप को भंग कर चुका था। इस कारण उन्होंने राजकुमारी के स्वयंवर में हिस्सा लेने का मन बनाया। नारद भगवान विष्णु के पास गए और कहा कि आप अपना सुन्दर रूप मुझे दे दीजिए जिससे कि वह राजकुमारी स्वयंवर में मुझे ही पति रूप में चुने। भगवान ने ऐसा ही किया। लेकिन जब नारद मुनि स्वयंवर में गए तो उनका मुख वानर के समान हो गया। उस स्वयंवर में भगवान शिव के दो गण भी थे। वह यह सभी बातें जानते थे, और ब्राह्मण का वेष बनाकर यह सब देख रहे थे।

जब राजकुमारी स्वयंवर में आईं तो बंदर के मुख वाले नारद जी को देखकर बहुत क्रोधित हुईं। उसी समय भगवान विष्णु एक राजा के रूप में वहां आए। सुंदर रूप देखकर राजकुमारी ने उन्हें अपने पति के रूप में चुना लिया। यह देखकर शिवगण नारद जी की हंसी उड़ाने लगे और कहा कि पहले अपना मुख दर्पण में देखिए। जब नारदजी ने अपना चेहरा वानर के समान देखा तो उन्हें बहुत क्रोध आया। नारद मुनि ने उन शिवगणों को राक्षस योनी में जन्म लेने का श्राप दे दिया।

शिवगणों को श्राप देने के बाद नारदजी भगवान विष्णु के पास गए और क्रोधित होकर उन्हें बहुत भला बुरा कहने लगे। माया से मोहित होकर नारद मुनि ने श्री हरि को श्राप दिया, 'जिस तरह आज मैं स्त्री के लिए व्याकुल हो रहा हूं, उसी प्रकार मनुष्य जन्म लेकर आपको भी स्त्री वियोग सहना पड़ेगा। उस समय वानर ही तुम्हारी सहायता करेंगे।'

भगवान विष्णु ने कहा, 'ऐसा ही हो' और नारद मुनि को माया से मुक्त कर दिया। तब नारद मुनि को अपने कटु वचन और व्यवहार पर बहुत ग्लानि हुई और उन्होंने भगवान श्री हरि से क्षमा मांगी।

भगवान श्रीहरि ने कहा कि ये सब मेरी ही इच्छा से हुआ है अत: तुम शोक न करो। उसी समय वहां भगवान शिव के गण ही आ गए जिन्हें नारद मुनि ने श्राप दिया था। उन्होंने नारद मुनि से क्षमा मांगी। तब नारद मुनि ने उन्हें क्षमा करते हुए कहा कि तुम दोनों राक्षस योनी में जन्म लेकर सारे विश्व को जीत लोगे, तब भगवान विष्णु मनुष्य रूप में तुम्हारा वध करेंगे और तुम्हारा कल्याण होगा।

Lord Shiv then narrated the story to Parvati.

Once Brahmrishi Narad was influenced by pride. He thought that he is a Mahayogi. Even Kamdev could not influence him.

